E-Mail

प्रधि अ0उपा0वा0 II

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 17–विशेष (सर्वेक्षण)–366 / 2019......145.........

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बंदोबस्त पदाधिकारी,
बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, जहानाबाद, अरवल,
शिवहर, किशनगंज, अररिया, कटिहार, पूर्णियाँ,
सीतामढ़ी, सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, प0 चम्पारण,
बांका, जमुई, शेखपुरा, मुंगेर एवं नालंदा।
समाहर्त्ता–सह–बंदोबस्त पदाधिकारी,
बांका।

पटना, दिनांक :– 19-01-2021

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 के अन्तर्गत प्रपत्र– 6 (खेसरा पंजी) में सूची के अनुसार प्रविष्टि करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक– 11064 दिनांक– 22.10.2020 एवं पत्रांक– 11109 दिनांक– 05.11.2020

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त नियमावली, 2012 (संशोधन, 2019) के अन्तर्गत प्रपत्र–6 (खेसरा पंजी) के संधारण में कॉलम– 2, 10, 11 एवं अभ्युक्ति कॉलम में क्रमशः (1) स्वामित्व का आधार (2) धारण का प्रकार (3) भूमि का वर्गीकरण (4) बिहार की जातियाँ तथा (5) भूमि के उपयोग सम्बन्धी विवरणियों को इन्द्राज करने के लिए निदेशालय स्तर पर सूची पर आपसे सुझाव आमंत्रित किए गए थे। उपर्युक्त सूचियों को भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय की तकनीकी परामर्शदातृ समिति द्वारा दिनांक– 07.12.2020 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में हुई बैठक में अनुमोदित किया गया है। प्रपत्र–6 (खेसरा पंजी) में उपर्युक्त अनुमोदित सूचियों के अनुसार प्रविष्टि की जानी है।

अतः अनुरोध है कि संलग्न सूचियों के अनुसार प्रपत्र–6 (खेसरा पंजी) में संबंधित कॉलमों में प्रविष्टि का कार्य कराया जाए।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 19/1/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (समीक्षा–366 / 2019......145......... **पटना, दिनांक** :–19-01-2021

प्रतिलिपिः– संबंधित प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त / सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप 19/1/21

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Director\file no. -366_2019_19-01-2021_1.doc

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (समीक्षा–366 / 2019 145 पटना, दिनांक :– 19-01-2021

प्रतिलिपिः– सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0, डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख परिमाप के निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु एवं सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (समीक्षा–366 / 2019 145 पटना, दिनांक :– 19-01-20

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
19/1/21

D:\Sanjeev-2021\Birendra kumar, ASO\Director\file no. -366_2019_19-01-2021_1.doc